पत्र सं0–स्था–3(क)–चतुर्थ श्रेणी पदोन्नति/2024–25/ 3825 /राज्य कर

कार्यालय आयुक्त राज्य कर, उ0प्र0

(स्थापना अराजपत्रित)

लखनऊ : दिनांक– 14 नवम्बर, 2024

समस्त अपर आयुक्त ग्रेड–1

राज्य कर, उत्तर प्रदेश।

कृपया मुख्यालय के पत्र संख्या–3524 दिनांक 29.10.2024 का संदर्भ लें। जिसके द्वारा समूह घ से समूह ग के पद पर पदोन्नति कराये जाने हेतु अपर आयुक्त ग्रेड–1 के माध्यम से चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों के आवेदन पत्र दिनांक 15.11.2024 तक मुख्यालय को उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गयी थी।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि मुख्यालय पर दिनांक 14.11.2024 तक समूह घ से समूह ग के पद पर पदोन्नति हेतु एक भी आवेदन पत्र प्राप्त नहीं हुआ है, जिस कारण आयुक्त, राज्य कर, उ0प्र0 द्वारा समूह घ से समूह ग के पद पर पदोन्नति हेतु आवेदन पत्र मुख्यालय पर प्रेषित किये जाने की दिनांक 15.11.2024 से बढ़ाकर दिनांक 30.11.2024 कर दी गयी है।

अतः आप अपने जोन में स्थित कार्यालयों के पात्र अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र प्राप्त कर अपने स्तर से परीक्षण कराने के उपरान्त उसकी सूची/विवरण सहित नीचे अंकित प्रारूप पर **दिनांक 30.11.2024** तक प्रत्येक दशा में मुख्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें। निर्धारित तिथि के उपरान्त मुख्यालय को प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रारूप

क्र0 सं0	अभ्यर्थी का नाम एवं पद	नियमित नियुक्ति की तिथि	वर्तमान तैनाती का स्थान	शैक्षिक योग्यता	दि0 30.06.2024 तक पूर्ण की गई सेवा की अवधि
1	2	3	4	5	6

(सुनील कुमार वर्मा)

अपर आयुक्त (प्रशासन), राज्य कर

उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पृष्ठांकन पत्र संख्या व दिनांक उक्त।

प्रतिलिपि निम्न लिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- उपायुक्त एवं वरिष्ठ स्टाफ अधिकारी को आयुक्त, राज्य कर, उ0प्र0 के अवलोकनार्थ।

2- अपर निदेशक, वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान, राज्यकर, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि अपने कार्यालय से सम्बन्धित अर्ह अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र मुख्यालय अग्रसारित करने का कष्ट करें।

3- संयुक्त आयुक्त (आई0टी0) राज्य कर मुख्यालय को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त पत्र को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

4- समस्त संयुक्त आयुक्त (कार्यपालक) राज्य कर, उत्तर प्रदेश।

5- समस्त अनुभाग अधिकारी, राज्य कर मुख्यालय को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि अपने अनुभाग से सम्बन्धित सभी चतुर्थ श्रेणी कर्मियों को उपरोक्त पदोन्नति परीक्षा के सम्बन्ध में अवगत करा दें और अर्ह अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र पूर्ण विवरण सहित प्राप्त कर, स्थापना अराजपत्रित अनुभाग को निश्चित तिथि तक उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

6- समस्त आहरण वितरण अधिकारी, राज्य कर उत्तर प्रदेश को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि प्राप्त आवेदन पत्रों से सम्बन्धित विवरण निर्धारित प्रारुप में अर्ह अभ्यर्थियों के आवेदन पत्रों की दो-दो प्रतियों सहित अपने अपर आयुक्त ग्रेड-1 को निर्धारित तिथि के पूर्व उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें तथा कोई भी आवेदन पत्र सीधे मुख्यालय को अग्रसारित न किये जायें।

7- अध्यक्ष / महामंत्री उ0प्र0 चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ, गाजियाबाद / मुख्यालय, लखनऊ।

(अखिलेन्द्र कुमार)
उपायुक्त (स्था0अराज0), राज्य कर
मुख्यालय, लखनऊ।